दिनांक : 23.03.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर जिले के बुदनी पहुंचेंगे और राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026 में शामिल होंगे। यहां वे नई अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का लोकार्पण करेंगे और किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की टूलकिट वितरित करेंगे। कई संस्थानों के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर होंगे। 22 से 24 मार्च तक चल रहे इस एक्सपो में ड्रोन तकनीक, आधुनिक कृषि यंत्र और फसल प्रबंधन की नई तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

किसान सम्मेलन, भां□र

मुख्यमंत्री □ॉ. मोहन यादव आज दतिया जिले के भां□र में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। यहां वे 62 करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे। इनमें स्कूल भवन, छात्रावास, विश्राम गृह और बिजली उप-केंद्र जैसे कई अहम काम शामिल हैं। किसान कल्याण वर्ष के तहत प्रदेश भर में ऐसे सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ग्वालियर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

मोहन यादव-वृन्दावन

मुख्यमंत्री □ॉ. मोहन यादव आज वृन्दावन पहुंचे. यहां उन्होंने रुक्मिणी विहार में नवनिर्मित जीवन दीप आश्रम के लोकार्पण समारोह में शिरकत की। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस भव्य आश्रम का उद्घाटन किया। समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साध्वी ऋतंभरा और देशभर के कई संत-महात्मा भी उपस्थित रहे। महामं□लेश्वर यतींद्रानंद गिरि महाराज द्वारा स्थापित यह आश्रम ध्यान, योग और साधना का प्रमुख केंद्र बनेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री- संवाद

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें तनावमुक्त करने के लिए आज वर्चुअली संवाद करेंगे। विभाग द्वारा 'मनोबल सत्र' और 'सफलता के मंत्र' जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, साथ ही कॉलेजों में टेली-मानस और उमंग हेल्पलाइन नंबर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों की मानसिक समस्याओं से निपटने के लिए राज्य स्तरीय टास्क फोर्स भी गठित की गई है। जिन कॉलेजों में अपनी चिकित्सा सुविधा नहीं है, उन्हें पास के अस्पताल से अनुबंध करना अनिवार्य किया गया है।

शौर्य संकल्प योजना

मुख्यमंत्री □ॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए "शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026" को मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत 40 आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में 4000 युवाओं को 45 दिन की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी. इसमें शारीरिक प्रशिक्षण के साथ गणित, अंग्रेजी और कंप्यूटर जैसे विषय भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान पुरुषों को 1000 और महिलाओं को 1100 रुपये मासिक छात्रवृत्ति भी मिलेगी। अगले तीन साल में 15 करोड़ रुपये की लागत से 12 हजार ओबीसी युवाओं को सुरक्षाबलों में भर्ती के लिए तैयार किया जाएगा।

विश्व क्षय रोग दिवस

आज विश्व क्षय रोग दिवस पर प्रदेश में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान के तहत प्रदेश के उच्च जोखिम वाले गांवों में लोगों की टीबी जांच की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य शिविरों में एक्सरे के साथ-साथ ब्ल□ शुगर, ब्ल□ प्रेशर और एनीमिया की जांच भी होगी। निक्षय मित्र पहल के जरिए मरीजों को पोषण सहायता भी दी जाएगी। अभियान का मकसद टीबी को जल्द पकड़ना और उसे फैलने से रोकना है।

विद्यारंभ प्रमाण-पत्र

प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में आज 5 से 6 साल के बच्चों को "विद्यारंभ प्रमाण-पत्र" देकर उनकी पढ़ाई की औपचारिक शुरुआत की गई। भोपाल में एक खास समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बच्चों को यह सर्टिफिकेट बांटे। यह पहल केंद्र सरकार के निर्देश पर की जा रही है, ताकि आंगनवाड़ी से स्कूल जाने का सफर बच्चों के लिए आसान हो सके।

मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। 26 और 27 मार्च को कई इलाकों में आंधी और बारिश हो सकती है। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग पर इसका सबसे ज्यादा असर रहेगा। कल सबसे ज्यादा गर्मी रायसेन में रही, जहां पारा 38 □िग्री तक पहुंचा। पिछले दिनों हुई आंधी और ओलावृष्टि से प्रदेश के 17 जिलों में केला, पपीता और गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

समाचार संक्षेप में :-

- झाबुआ में महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार आज सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में “विद्यारम्भ प्रमाण-पत्र वितरण एवं ग्रेजुएशन समारोह” का आयोजन किया जाएगा।

- खं□वा में रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च को भव्य श्रीराम रथयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 8 बजे बड़ा बम स्थित प्राचीन राम मंदिर से प्रारंभ होगी।
- अशोकनगर में 26 मार्च को युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे सहभागिता आधारित जनजागरूकता गतिविधियों के तहत आज सुसनेर में विद्यार्थियों ने जल बचाने का संकल्प लिया।

और

- धार में क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर क्रांति मशाल यात्रा कल शाम निकाली गई।